बी ई एम एल

NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

प्रेस रिलीस

स्वच्छ भारत अभियान के अधीन बृंदावन गार्डन को मिला सफाई सामग्री का समर्थन

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक मिनी रत्न कंपनी है, ने बृंदावन गार्डन के अनुरक्षण के लिए कर्नाटक सरकार के विभाग कावेरी नीरावरी निगम लिमिटेड (सीएनएनएल) को सफाई सामग्री सौंप दी।

कृष्णराज सागर बांध (केआरएस) में सम्पन्न एक समारोह में श्री बी आर विश्वनाथा, निदेशक (एम & सी), बीईएमएल ने श्री बसवराजे गौड़, कार्यकारी अभियंता, सीएनएनएल को उक्त सफाई सामग्री सौंप दी और इस अवसर पर श्री बी शंकर, मुख्य महाप्रबंधक (मैसूर कॉम्प्लेक्स), बीईएमएल शामिल थे। समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए बीईएमएल, केआरएस और सीएनएनएल से अधिक संख्या में अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

बृंदावन गार्डन में बड़ी संख्या के सभा की उपस्थिति में श्री बसवराजे गौड़, कार्यकारी अभियंता, केआरएस को सफाई उपस्कर सौंप रहे हैं श्री बी आर विश्वनाथा, निदेशक (एम & सी), बीईएमएल.

स्वच्छ भारत अभियान के एक अंश के रूप में सफाई सामग्री सौंपे जाने के बाद केआरएस में बीईएमएल ने कावेरी नीरावरी निगम लिमिटेड के साथ मिलकर कार्य करते हैं।

केआरएस में सम्पन्न स्वच्छ भारत अभियान में पौरकार्मिकों, अधिकारियों के साथ कार्यपालक और कर्मचारीवृंद

रक्षा उपक्रम में रूप में बीईएमएल स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों को लागू करने में लगातार अपना समर्थन देता आ रहा है, जिसमें इलाकों की सफाई, गांवों को गोद लेना, स्कूलों/गांवों में शौचालयों के निर्माण आदि शामिल हैं।

मैसूर बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस
02.07.2017